मध्यप्रदेश शासन
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग,
मंत्रालय

**I/638288/2025** भोपाल, दिनांक **28-11-2025**

प्रति

कलेक्टर्स,
जिला- रीवा, मऊगंज, मैहर, सिंगरौली, सतना, सीधी, जबलपुर, बालाघाट, नरसिंहपुर, सिवनी, डिण्डौरी, कटनी, मण्डला, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, सागर, पन्ना, दमोह, भोपाल, रायसेन, विदिशा, सीहोर, देवास, बड़वानी, अलीराजपुर, श्योपुर, मुरैना, भिण्ड, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, मध्यप्रदेश।

विषय- खरीफ विपणन वर्ष **2025-26** में समर्थन मूल्य पर धान एवं मोटा अनाज उपार्जन हेतु पंजीकृत किसानों के सत्यापन बाबत्।

संदर्भ- शासन द्वारा जारी परिपत्र क्र.**FCS/43/4/0003/2025-Sec-1-29(FCS)** दिनांक **25.08.2025**

**-----0000-----**

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित परिपत्र का अवलोकन हो, जिसमें खरीफ विपणन वर्ष **2025-26** में समर्थन मूल्य पर धान एवं मोटा अनाज उपार्जन के लिए ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन हेतु जारी निर्देश की कंडिका **6** के अनुसार सिकमी/बटाईदार/वन पट्टाधारी किसानों के पंजीयन सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर करने की व्यवस्था की गई थी, जिसमें अनुबंध सिकमीनामा की प्रति पोर्टल पर अपलोड करने तथा पंजीकृत किसान की भूमि एवं फसल का सत्यापन राजस्व विभाग के अमले द्वारा किए जाने का प्रावधान किया गया है। जिलेवार पंजीकृत किसानों की जानकारी **परिशिष्ट-अ** पर संलग्न है।

कतिपय जिलों में सिकमी/बटाईदार/वन पट्टाधारी किसान पंजीयन हेतु निर्धारित अनुबंध पोर्टल पर अपलोड किया जाना नही पाये जाने से किसान पंजीयन संदेहास्पद होने की संभावना है, अतएव सिकमी/बटाईदार/वन पट्टाधारी श्रेणी अंतर्गत पंजीकृत किसानों का सत्यापन की कार्यवाही निम्नानुसार की जाए:-

1. सिकमी/बटाईदार/वन पट्टाधारी के सत्यापन हेतु पंजीयन केन्द्रवार खाद्य, सहकारिता, राजस्व विभाग के अमले का संयुक्त जांच दल गठित किया जाए।
2. सिकमी/बटाईदार/वन पट्टाधारी किसानों का पंजीयन सहकारी समिति द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर किया गया है, पंजीयन केन्द्रों पर सिकमी/बटाईदार/वन पट्टाधारी

किसानों द्वारा प्रस्तुत अनुबंध /दस्तावेज की सत्यता की जांच की जाए।

3. पंजीयन केन्द्र पर उपलब्ध दस्तावेजों मे तथा ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत किसानके रकबे एवं फसल का मिलान पोर्टल पर अपलोड अनुबंध से किया जाए।
4. मूल भूमिधारक द्वारा सिकमी एवं बटाई पर भूमि देने की पुष्टि किसान से की जाए।
5. वन पट्टाधारी किसानों की पुष्टि वन विभाग से की जाए।
6. सत्यापन दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर पाई गई स्थिति का अनुमोदन कलेक्टर से प्राप्त कर ई-उपार्जन पोर्टल पर **DSO** लॉगिन से प्रविष्टि की जाएगी, जिसके आधार पर किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग की जा सकेगी।

उक्तानुसार सत्यापन की कार्यवाही दिनांक **12.12.2025** तक पूर्ण कर ली जाए।

Digitally signed by
BIRENDRA KUMAR CHANDEL
Date: 28-11-2025 18:02:14

उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
खादय, नागरिक आपूर्ति पर उपभोक्ता संरक्षण विभाग
मंत्रालय

I/638288/2025 भोपाल, दिनांक **28-11-2025**

प्रतिलिपि : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. आयुक्त, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय।
2. प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज़ कार्पोरेशन।
3. श्री अब्राहम वर्गीस, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक एनआईसी भोपाल की ओर भेजकर लेख है कि उक्तानुसार संशोधन ई-उपार्जन पोर्टल पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
4. संबंधित जिला आपूर्ति नियंत्रक/अधिकारी, मध्यप्रदेश।

हस्ता**0**
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
खादय, नागरिक आपूर्ति पर उपभोक्ता संरक्षण विभाग

परिशिष्ट - अ

| S.no. | District | Own | Sikmi | Both | Rakba Own | Rakba Sikmi | Rakba Both |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | KMS 25-26 | | | |
| 1 | अनूपपुर | 21,920 | 10 | 16 | 40,215 | 0 | 71 |
| 2 | अलीराजपुर | 60 | 0 | 1 | 140 | 0 | 3 |
| 3 | अशोकनगर | 3 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 |
| 4 | उमरिया | 27,485 | 14 | 9 | 49,866 | 7 | 36 |
| 5 | कटनी | 59,312 | 1,277 | 772 | 116,780 | 10 | 2,999 |
| 6 | खरगौन | 4 | 0 | 0 | 7 | 0 | 0 |
| 7 | गुना | 1 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 |
| 8 | ग्वालियर | 750 | 0 | 0 | 2,913 | 0 | 0 |
| 9 | छिन्दवाड़ा | 3,110 | 125 | 97 | 7,782 | 231 | 485 |
| 10 | जबलपुर | 51,768 | 833 | 1,085 | 80,656 | 2,179 | 3,934 |
| 11 | झाबुआ | 33 | 0 | 0 | 23 | 0 | 0 |
| 12 | डिण्डोरी | 25,701 | 5 | 14 | 42,908 | 24 | 49 |
| 13 | दतिया | 449 | 0 | 0 | 1,651 | 0 | 0 |
| 14 | दमोह | 22,519 | 560 | 179 | 42,616 | 41 | 810 |
| 15 | देवास | 251 | 4 | 0 | 588 | 9 | 0 |
| 16 | नर्मदापुरम | 27,215 | 3,006 | 1,579 | 75,268 | 112 | 7,064 |
| 17 | नरसिंहपुर | 15,991 | 120 | 91 | 35,588 | 315 | 408 |
| 18 | नीमच | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | पन्ना | 36,522 | 955 | 573 | 69,832 | 626 | 2,515 |
| 20 | पांढुर्णा | 10 | 0 | 0 | 11 | 0 | 0 |
| 21 | बड़वानी | 56 | 4 | 1 | 122 | 11 | 4 |
| 22 | बैतूल | 8,392 | 834 | 343 | 17,476 | 289 | 1,745 |
| 23 | बालाघाट | 128,209 | 38 | 64 | 176,552 | 97 | 269 |
| 24 | भिण्ड | 1,385 | 0 | 1 | 4,324 | 0 | 6 |
| 25 | भोपाल | 86 | 2 | 0 | 233 | 6 | 0 |
| 26 | मऊगंज | 22,296 | 31 | 19 | 47,124 | 1 | 52 |
| 27 | मण्डला | 40,594 | 162 | 171 | 59,522 | 349 | 676 |
| 28 | मुरैना | 4,892 | 1 | 0 | 21,409 | 0 | 0 |
| 29 | मैहर | 28,024 | 698 | 609 | 43,860 | 73 | 2,159 |
| 30 | राजगढ़ | 1 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 |
| 31 | रायसेन | 13,158 | 2,286 | 1,498 | 46,379 | 1,499 | 8,601 |
| 32 | रीवा | 68,732 | 624 | 736 | 113,536 | 151 | 2,493 |
| 33 | विदिशा | 1,357 | 18 | 11 | 3,857 | 10 | 44 |
| 34 | श्योपुर | 110 | 0 | 0 | 290 | 0 | 0 |
| 35 | शहडोल | 37,210 | 21 | 18 | 68,634 | 0 | 105 |
| 36 | शिवपुरी | 857 | 0 | 0 | 2,039 | 0 | 0 |
| 37 | सतना | 59,241 | 2,118 | 1,794 | 98,871 | 428 | 6,675 |
| 38 | सागर | 4,026 | 34 | 22 | 10,981 | 117 | 107 |
| 39 | सिंगरौली | 30,043 | 23 | 83 | 55,430 | 1 | 349 |
| 40 | सिवनी | 58,849 | 855 | 615 | 108,513 | 839 | 2,667 |
| 41 | सीधी | 30,214 | 9 | 1 | 50,365 | 0 | 9 |
| 42 | सीहोर | 7,353 | 1,124 | 517 | 20,808 | 1,129 | 2,160 |
| 43 | हरदा | 449 | 54 | 7 | 862 | 2 | 27 |
| Total | | 838639 | 15845 | 10926 | 1518039 | 8556 | 46522 |